KHWAJA MOINUDDIN CHISHTI LANGUAGE UNIVERSITY

SITAPUR-HARDOI BYPASS ROAD, LUCKNOW - 226013

VOLUME : 2
NUMBER : 1

The Reflections

QUARTERLY NEWSLETTER

1st JULY 2026 TO 25th SEPTEMBER 2026

Patron
Prof. Ajay Taneja
Vice Chancellor
Khwaja Moinuddin Chishti
Language University, Lukcnow

Editorial Board

Prof. Shalini Tripathi
Editor

Dr. Shan-e-Fatima
Deputy Editor

Dr. Moosi Raza
Deputy Editor

Dr. Yogendra Singh
Member

Mr. Ahtesham Ahmad
Member

Mr. Mohd. Aquib Furqan
Graphics Designer/Member

https://kmclu.ac.in/

Message from the Vice Chancellor

Dear Members of the KMCLU Family,

It is a matter of great pride to unveil ***The Reflections***, the quarterly newsletter of our University.

True growth of an institution lies not in its infrastructure, but in the ideas it fosters and the futures it shapes. This newsletter is a testament to that growth — reflecting the vibrant spirit of our students, the unwavering commitment of our faculty and our collective pursuit of excellence.

I extend my heartfelt compliments to the editorial board for weaving together the diverse hues of campus life into this edition.

May we continue to reflect, inspire and aspire.

Warm regards,

Prof. Ajay Taneja
Vice-Chancellor

Message from the Editor

Dear Readers,

It is with immense pride and enthusiasm that I present the Second Volume of ***The Reflections***, the quarterly newsletter of Khwaja Moinuddin Chishti Language University.

Every edition of The Reflections is an attempt to capture the heartbeat of our University—its ideas, achievements, initiatives, creativity, and people.

I sincerely hope that this Newsletter inspires, and reminds every member of our University community that every contribution matters, every achievement has a story, and every shared effort shapes the future of our institution.

With regards,

Prof. Shalini Tripathi
Editor

Congratulations...

दिनांक 10 सितम्बर 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय रैंकिंग के मंच पर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। IIRC India Rankings 2026 में विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश में 10वीं रैंक हासिल कर प्रदेश की टॉप–10 यूनिवर्सिटीज़ में जगह बनाई है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय को 119वीं यूनिवर्सिटी रैंक प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि पहली बार इस रैंकिंग में भाषा विश्वविद्यालय ने इस स्तर पर अपनी पहचान दर्ज कराई है।

IIRC India Rankings 2026

CERTIFICATE OF INSTITUTIONAL DISTINCTION

This Certificate of Institutional Distinction is awarded in recognition of the institution's performance, verified benchmarks, and successful placement in the IIRC India Rankings 2026, conducted by the India Institutional Ranking Consortium (IIRC).

Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Uttar Pradesh

Recognised as an Institution of Promising Potential.

University Rank: 119 | Overall Rank: 141 | State Rank: 10
Institutional Band: Emerging Excellence | Maturity Grade-Level: 3.5

IIRC-IR2609-30141
Certificate Document ID
Date: 15 September 2026

IIRC
INDIA RANKINGS

दिनांक 24 जुलाई 2026। नेशनल पी.जी. कॉलेज का 52वां स्थापना दिवस एवं तृतीय समावर्तन संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह ने महाविद्यालय की 52 वर्षों की गौरवशाली उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। समारोह का मुख्य आकर्षण, मुख्य अतिथि ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अजय तनेजा को **''नेशनल गौरव सम्मान–2026''** से सम्मानित किया जाना रहा।

दिनांक 09 अगस्त 2026। कुलपति प्रो. अजय तनेजा को आईएससीबी एक्सीलेंस अवार्ड फॉर एकेडमिक लीडरशिप से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारतीय रसायनज्ञ एवं जीवविज्ञानी सोसाइटी और आईएससीबी रिसर्च फाउंडेशन ने प्रदान किया। प्रोफेसर तनेजा को शिक्षा, शोध और अकादमिक नेतृत्व में उनके योगदान के लिए यह सम्मान मिला। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय में शोध, नवाचार और उद्योग अकादमिक सहयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

दिनांक 19 अगस्त 2026। अवधी विकास संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान गोमतीनगर के प्रेक्षागृह में माननीय न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय श्री राम मनोहर मिश्रा, वरिष्ठ आई.ए.एस.अधिकारी डॉ.हरिओम जी एवं आई .आर. एस उमेश धर द्विवेदी के कर कमलों द्वारा माननीय कुलपति महोदय को अवधी भाषा साहित्य और संस्कृति की उन्नति के लिए **''अवध गौरव सम्मान''** से विभूषित किया गया।

विभागीय गतिविधियाँ

दिनांक 01 जुलाई 2026 | कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन एवं माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में ''दीक्षोत्सव–2026'' के अंतर्गत विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, पौधारोपण अभियान एवं राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

छात्राओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में छात्राओं का रक्त परीक्षण (ब्लड टेस्ट), बीएमआई तथा रक्तचाप की जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने छात्राओं को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया।

100 पौधों का रोपण

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत 100 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संकल्प भी लिया।

01st July, 2026 | Khwaja Moinuddin Chishti Language University will now offer 60 additional seats in the BA LLB course. The university received the necessary approval for the additional seat from the Bar Council of India, officials said on Thursday.

दिनांक 01 जुलाई 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित दीक्षोत्सव–2026 के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, अभिव्यक्ति–कौशल, सांस्कृतिक चेतना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना था। अपर प्राइमरी स्कूल, ककौली में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ''मेरी माँ'' विषय पर कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

ब्लूबर्ड स्कूल में काव्य लेखन प्रतियोगिता में सहभागिता करते विद्यार्थी

''मेरी माँ'' विषय पर कहानी कथन प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाते विद्यार्थी

अपर प्राइमरी स्कूल, ककौली में कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता के दौरान अपनी रचनाएं प्रस्तुत करते छात्र–छात्राएं।

दिनांक 03 जुलाई 2026 | माननीय कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन एवं माननीय कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के नेतृत्व में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में ''पढ़े विश्वविद्यालय बढ़े विश्वविद्यालय'' का सफल आयोजन किया गया।

दिनांक 03 जुलाई 2026 | माननीय कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के कुशल नेतृत्व तथा कुलसचिव महोदय के सहयोग से ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में ''वृक्षारोपण कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया।

दिनांक 03 जुलाई 2026 | माननीय कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा तथा विष्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आगामी दीक्षोत्सव–2026 के अंतर्गत 'एक छात्र–एक पुस्तक' अभियान एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। दोनों कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता ने विश्वविद्यालय परिसर को ज्ञान, संस्कृति और रचनात्मक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

03rd July, 2026 | Visit of Law Department and Moot Court by Honourable High Court Justice shri Raghvendra Kumar.

दिनांक 06 जुलाई 2026 | के.जी.एम.यू. और भाषा विश्वविद्यालय का स्वदेशी स्वास्थ्य तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केजीएमयू, अवध इंक्यूबेशन फाउण्डेशन, भाषा विश्वविद्यालय और एक्यूटी नियोकेयर ने एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किया। इस साझेदारी का मुख्य लक्ष्य नवजात शिशुओं के लिए विकसित एक्यूटी नियोनेटल मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म का सफल क्लीनिकल वैलिडेशन और तकनीकी मूल्यांकन होगा।

दिनांक 07 जुलाई 2026 | विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन के समिति कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 अजय तनेजा ने विगत एक वर्ष की उपलब्धियों, शैक्षणिक प्रगति, अनुसंधान, नवाचार, अधोसंरचना विकास तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला।

दिनांक 08 जुलाई 2026। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का 11वाँ दीक्षांत समारोह भव्य रूप में संपन्न हुआ। समारोह में विद्यार्थियों को कुल 1,246 उपाधियाँ तथा 125 पदक प्रदान किए गए। इनमें 74 पदक छात्राओं तथा 51 पदक छात्रों को मिले, सभी उपाधियाँ एवं अंकपत्र डिजिलॉकर पर उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर जनपद औरैया के आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 250 आंगनबाड़ी किट वितरित की गईं तथा 300 बेटियों का एचपीवी टीकाकरण भी कराया गया।

दिनांक 11 जुलाई 2026। विश्वविद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रभावशाली एवं तार्किक वक्तव्यों से विषय के सामाजिक, आर्थिक एवं मानवीय पक्षों पर सारगर्भित विचार पेश किया। विवि के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में समाज शास्त्र विभाग की ओर से विश्व जनसंख्या दिवस पर एक निष्पक्ष एवं आशापूर्ण विश्व में युवाओं को अपनी इच्छानुसार परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना विषयक भाषण प्रतियोगिता हुई।

13th July, 2026 | Department of Law organized One Day Workshop on An Introduction to Unnat Bharat Abhiyan : Vision, Objectives and Implementation.

15th July, 2026 | The Department of Business Administration celebrated World Youth Skills Day 2026 today under the theme 'Skills for a Shared Future' with the participation of BBA and MBA students.

दिनांक 21 जुलाई 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, अवध प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं लज्जाराम तोमर जी का शिक्षा दर्शन'' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के संरक्षण में किया गया। व्याख्यान के आयोजन में प्रो0 जयशंकर प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्रीय संयोजक, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश, प्रो. सुभाष मिश्र, अध्यक्ष, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान तथा डॉ. मंजुल त्रिवेदी, सचिव, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान ने मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ0 पूनम चौधरी, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान संकाय एवं विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग रहीं।

दिनांक 21 जुलाई 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से एक भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 अजय तनेजा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों से अधिकाधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

23rd July, 2026 | Director of All India Radio, Lucknow, interviewing Hon'ble Vice-Chancellor Prof. Ajay Taneja sir

23rd July, 2026 | Students of Journalism and Mass Communication at PRITHVI 2026 organised by Birbal Sahini Institute of Palaeosciences.

दिनांक 25 जुलाई 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस एवं नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत भाषण और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों का विकास करना रहा। नशा मुक्ति विषयक भाषण प्रतियोगिता में 35 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

26th July, 2026 | NCC Cadets of our university celebrated Kargil Vijay diwas today in near by areas and spread message of patriotism among children.

27th July, 2026 | The NCC Unit of Khwaja Moinuddin Chishti Language University (KMCLU), Lucknow, organized a Nasha Unmoolan (Drug De-addiction) Awareness Programme in the nearby villages of the University. The programme was conducted to create awareness among the local community about the harmful effects of drug abuse, alcohol, tobacco, and other addictive substances.

दिनांक 28 जुलाई 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के एल एल.एम. के पूर्व छात्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय युवा स्वयंसेवक अमन कुमार त्रिपाठी का युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन माय भारत संस्था के अंतर्गत माय भारत यूथ एम्बेसडर के रूप में माय भारत युवा स्वयंसेवक के पद पर चयन हुआ है। अमन को रू0 500/– प्रतिमाह, 2 वर्ष तक भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा।

दिनांक 28 जुलाई 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के संरक्षण में सामाजिक सुधार एवं जनजागरूकता को समर्पित एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का संयोजन विधि संकाय अध्यक्ष 'प्रोफेसर मसूद आलम, विभागाध्यक्ष डॉ0 पीयूष कुमार त्रिवेदी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यशाला के सुचारू संचालन और सफल प्रबंधन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री विकास की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

दिनांक 30 जुलाई 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई– ।। द्वारा ''नशा मुक्त अभियान'' के अंतर्गत एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, उसके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ0 नलिनी मित्रा के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रतेश कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

30th July, 2026 | Rover Ranger in collaboration with NSS organized a Debate Competition on the topic "Reasons Behind the Increasing Drug Addiction Among Youth" on Wednesday at Seminar Hall 301

दिनांक 31 जुलाई 2026। आधुनिक तकनीकों से विद्यार्थियों को जोड़ने की दिशा में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा ''इंट्रोडक्शन टू 3डी प्रिंटिंग'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को उडी प्रिंटिंग की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने के साथ–साथ उसका व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के मुख्य संरक्षण में आयोजित हुआ।

दिनांक 01 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नशामुक्त भारत मिशन पर छात्र, छात्राओं द्वारा जागरूकता अभियान अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया और सभी विद्यार्थियों को नशा न करने का सन्देश दिया गया।

दिनांक 03 अगस्त 2026। माननीय कुलपति महोदय को दूरदर्शन पर वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया

दिनांक 03 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 आयुष कुमार ने सुरंग सुरक्षा और भू–धंसाव की चुनौती से निपटने के लिए AI आधारित एक अभिनव वैज्ञानिक मॉडल विकसित किया है। उनका यह शोध विश्व की प्रतिष्ठित शोध पत्रिका जर्नल ऑफ माउंटेन साइंस (स्प्रिंगर नेचर) में प्रकाशित हुआ है, जिसे भूमिगत संरचनाओं और भू–तकनीकी अभियांत्रिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। सुरंग सुरक्षा और भू–धंसाव से निपटेगा AI मॉडल: डॉ0 आयुष कुमार द्वारा विकसित प्रदर्शन आधारित टनल समर्थन डिजाइन मॉडल सुरंगों की गहराई, भूगर्भीय परिस्थितियों तथा सतह पर मौजूद संरचनाओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित और किफायती टनल लाइनिंग थिकनेस का निर्धारण करता है।संभावित भू–जोखिमों का आकलन करता है, जिससे सुरंग दुर्घटनाओं, भूमि धंसाव और आर्थिक नुकसान की आशंका को कम किया जा सकता है।

दिनांक 03 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा नशा मुक्ति विषय पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक तथा ''आनंदी माँ : एक जीवन बचाओ अभियान'' के अंतर्गत एच.पी.वी. (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने दो अलग–अलग नुक्कड़

नाटकों का प्रभावशाली मंचन किया। प्रथम नुक्कड़ नाटक नशा मुक्ति विषय पर आधारित था, नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशे से दूर रहकर ही स्वस्थ, समृद्ध एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

दूसरा नुक्कड़ नाटक आनंदी माँ : एक जीवन बचाओ अभियान के अन्तर्गत एच.पी.वी. जागरूकता विषय पर प्रस्तुत किया गया। इस नाटक में विद्यार्थियों ने ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एच.पी.वी.), उससे होने वाले सर्वाइकल कैंसर, समय पर जांच, टीकाकरण तथा जागरूकता के महत्व को अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

03rd August, 2026 | The Faculty of Engineering and Technology has successfully conducted the 2nd day of its Induction Programme, Sankalp: 2026 (1st - 14th August).

दिनांक 05 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बी.टेक. (कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग–कोर) द्वितीय वर्ष के छात्र और एनसीसी कैडेट एलसीपीएल

प्रशांत यादव ने आई.जी.सी.–टी.एस.सी. थल सेना कैंप–2026 में शानदार प्रदर्शन कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने उत्तर प्रदेश एन.सी.सी. निदेशालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके प्रदर्शन की बदौलत लखनऊ ग्रुप ने करीब तीन दशक बाद ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अजय तनेजा ने प्रशांत यादव की सफलता पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रशांत की उपलब्धि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है।

05th August, 2026 | The Department of Home Science successfully organized a Poster Making Competition on the occasion of World Breastfeeding Week. The event witnessed enthusiastic participation, with students creatively highlighting the importance of breastfeeding and maternal and child health through their posters.

05th August, 2026 | Stress Management and Happiness & Well-being Program Department of Business Administration Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow In the Department of Business Administration, "Heartfulness Enables Leadership Mastery", organised “StartUp: A whole person development program for freshman students” of the Stress Management and Happiness & Well-being Program at Hybrid Hall 301.

06th August, 2026 | On the occasion of the celebration of World Breastfeeding Week (1st–7th August), an extension lecture was organized today by the Department of Home Science to promote awareness about the importance of breastfeeding and maternal and child health.

06th August, 2026 | Poster competition organized on the theme "Anandi Maa- Ek jeevan bachao" and Cancer Mukt Bharat Yatra

दिनांक 06 अगस्त 2026 | नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस छात्रावास में प्रोवोस्ट एवं वॉर्डन द्वारा छात्रावास के कमरों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को नशामुक्ति के महत्व से अवगत कराते हुए नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई ।

07th August, 2026 | Today, the Department of Home Science celebrated National Handloom Day to promote “Swadeshi Apnao” and honour the weavers of our country. The following activities were organised

Handloom Fashion Show, Swadeshi Apnao Pledge, Awareness Lecture on Handlooms and Weavers, Documentary/Informative Videos highlighting the struggles of weavers.

दिनांक 07 अगस्त 2026 | आनंदी माँ– एक जीवन बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय में नुक्कड नाटक का सांस्कृतिक मंचन किया गया।

दिनांक 08 अगस्त 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के विरुद्ध जन–जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 36 किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो0 अजय तनेजा ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने ''नशे को ना, जीवन को हाँ'' जैसे नारों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

09th August, 2026 | A surprise inspection of the Girls' Hostel was conducted today in accordance with the Nasha Mukt Bharat Abhiyaan, with the objective of ensuring a safe, healthy, and drug-free hostel environment.

दिनांक 09 अगस्त 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में रविवार को "Lifeactivus Innovations Lab" का भव्य शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय और Lifeactivus Innovations Pvt. Ltd. हैदराबाद के बीच हुए एमओयू (MoU) के तहत स्थापित इस अत्याधुनिक लैब का उद्घाटन विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी भवन के बेसमेंट में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर Lifeactivus Innovations Pvt. Ltd. के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ0 केशव देव तथा सीएसआईआर–सीडीआरआई, लखनऊ के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक प्रो0 पीएमएस चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुलपति प्रो0 अजय तनेजा ने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल सैद्धांतिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को अनुसंधान, नवाचार और व्यावहारिक कौशल से भी सशक्त बनाना है।

दिनांक 10 अगस्त 2026 | नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सोमवार को ''नशा मुक्ति'' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त

समाज के निर्माण का संदेश देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, अब्दुल हमीद ने नशा मुक्ति के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरूकता ही समाज को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

दिनांक 10 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। 20 UP Girls Battalion NCC, लखनऊ से सम्बद्ध विश्वविद्यालय की NCC इकाई के सभी 12 कैडेट्स ने 'B' प्रमाण–पत्र परीक्षा में 'A' ग्रेड प्राप्त किया। मंगलवार को आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सभी सफल कैडेट्स को 'B' प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो0 अजय तनेजा ने कैडेट्स की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी 12 कैडेट्स का 'A' ग्रेड प्राप्त करना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कैडेट्स के कठिन परिश्रम, अनुशासन और नियमित प्रशिक्षण का परिणाम है।

11th August, 2026 | The Department of Computer Science and Engineering organized an interactive session on Personality Development for the students. The session provided valuable insights and an engaging platform for learning, interaction, and personal growth. Attached are the glimpses of the event

12th August, 2026 | The Department of Geography successfully celebrated National Remote Sensing Day with enthusiasm and active participation of students and faculty members.

दिनांक 12 अगस्त 2026। माननीय कुलाधिपति महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के मार्गदर्शन एवं माननीय कुलपति प्रो0 अजय तनेजा जी की अध्यक्षता में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दिनांक 12.08.2026 बुधवार को नशा मुक्त भारत एवं युवाओं को नशे से दूर करने के विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष शिक्षा शास्त्र विभाग डॉ0 नालिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा डॉ0 राम दास कार्यक्रम अधिकारी, एन.एस.एस. इकाई–4 तथा डॉ0 मोहम्मद इरफान कार्यक्रम अधिकारी, एन.एस.एस. इकाई–5 के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत एवं युवाओं को नशे से दूर करने के संदेश के साथ स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 12 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (ए.के.टी.यू.) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में अपनी शानदार प्रस्तुतियों से खूब

वाहवाही बटोरी। यह कार्यक्रम राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आयोजित किया गया था। भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने श्हालात अलग, हौसला एकश नाटक के साथ–साथ नुक्कड़ नाटक, गीत, नृत्य एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। अपनी इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने युवाओं के सपनों, संघर्ष, चुनौतियों, सामाजिक जिम्मेदारियों और सकारात्मक सोच का प्रभावी संदेश दिया। देशभक्ति गीतों पर विद्यार्थियों की जोशीली प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम में उत्साह भर दिया।

दिनांक 13 अगस्त 2026। ''आनंदी मां– 2047 का विकसित भारत हमारी संकल्पना'' विषय पर हिंदी विभाग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों से छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया, भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, कार्यक्रम में डॉ0 अंशुल पांडेय, डॉ0 जिया जाफरी, श्री विपिन सिंह, डॉ0 योगेंद्र कुमार सिंह, डॉ0 आराधना अस्थाना एवं हिंदी विभाग के शोधार्थी बिपिन कुमार और दीक्षा सिंह निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे।

दिनांक 13 अगस्त 2026। माननीय कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के आशीर्वाद तथा आदरणीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा जी की प्रेरणा एवं सांस्कृतिक समिति की अध्यक्षा डॉ0 नलिनी मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में ''आनंदी मां–एक जीवन बचाओ एवं कैंसरमुक्त भारत यात्रा 2026–27'' के अंतर्गत ''निबन्ध प्रतियोगिता'' का आयोजन डा० हिमांशु गंगवार (संस्कृत एवं पालि विभाग) एवं डा. श्रेया जादौन (सिविल अभियांत्रिकी विभाग) द्वारा सिविल अभियांत्रिकी विभाग के प्रभावी सहयोग से किया गया।

दिनांक 14 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने ''मेरी जिंदगी लाइव बैंड'' कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के अटल हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में ''मेरी जिंदगी'' भारत का पहला महिला मिशन रॉक बैंड ने अपनी शानदार संगीत प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। संगीत, ऊर्जा और देशभक्ति के रंग में रंगे इस कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को और भी जीवंत बना दिया।

दिनांक 15 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 15 अगस्त 2026 को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 अजय तनेजा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित किया। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया। कुलपति

ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन केवल राजनीतिक आंदोलन नहीं था, बल्कि यह भारतीय समाज को प्रेरित करने वाली व्यापक राष्ट्रीय यात्रा थी। संविधान की प्रस्तावना में निहित ''We the People of India'' की भावना प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने और देश की प्रगति में योगदान देने की प्रेरणा देती है।

दिनांक 16 अगस्त 2026। शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत महिला छात्रावास में छात्राओं के लिए Meditation & Mindfulness Activity आयोजित की गई। इस गतिविधि का उद्देश्य छात्राओं में तनाव प्रबंधन, आत्म–नियंत्रण, सकारात्मक सोच तथा नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और ध्यान एवं श्वास अभ्यास के माध्यम से मानसिक शांति एवं सकारात्मकता का अनुभव किया।

दिनांक 17 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में नवप्रारंभित एम.टेक. (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग) पाठ्यक्रम के प्रथम बैच के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संबोधन में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने नवप्रवेशित एम.टेक. विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि एम.टेक. स्ट्रक्करल इंजीनियरिंग की शुरुआत विभाग के लिए महज एक नया पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि उन्नत शोध, तकनीकी नवाचार और पेशेवर उत्कृष्टता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

17th August, 2026 | Tiranga Yatra organized by Rovers Rangers

दिनांक 19 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में ''नशा मुक्त भारत अभियान'' के अंतर्गत 15 किलोमीटर लंबी जागरूकता पैदल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ, सशक्त एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अजय तनेजा एवं कुलसचिव विकास ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

दिनांक 19 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की अवधी शोध पीठ द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं अवधी कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ

विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो0 हरिशंकर मिश्र ने गोस्वामी तुलसीदास के साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं जीवन के विविध पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

दिनांक 19 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा राष्ट्रीय फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय "कैम्पस थुरु माई लेंस" रखा गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को फोटोग्राफी के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर की सुंदरता, शैक्षणिक वातावरण, प्राकृतिक दृश्यों, सांस्कृतिक गतिविधियों और विद्यार्थी जीवन को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

दिनांक 19 अगस्त 2026। सामाजिक विज्ञान संकाय के समस्त विभागों के छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

दिनांक 20 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को वैश्विक रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जर्मन भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रो0 अजय तनेजा ने किया। विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। कुलपति महोदय ने कहा कि जर्मन भाषा में दक्षता विद्यार्थियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने के साथ उनके अकादमिक एवं व्यावसायिक विकास में भी सहायक होगी।

दिनांक 20 अगस्त 2026। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा डॉ0 आर.के. त्रिपाठी, निदेशक के कुशल पर्यवेक्षण में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम, एकता एवं देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना था।

दिनांक 21 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कला एवं मानविकी संकाय से अधिष्ठाता शैक्षणिक एवं विभागाध्यक्ष (उर्दू) प्रो0 सौबान सईद के नेतृत्व में विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

दिनांक 22 अगस्त 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के भेषजी संकाय की निदेशक प्रो0 शिलानी त्रिपाठी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य एकता, देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की

भावना को बढ़ाना था। कार्यक्रम का मार्गदर्शन विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री विकास जी द्वारा किया गया।

दिनांक 23 अगस्त 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और बालार्क व नाज़ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में उर्दू, फ़ारसी एवं अरबी विभाग के अधीन विश्वविद्यालय परिसर में 'इंट्रोडक्शन टू विकिपीडिया' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य प्रतिभागियों को विकिपीडिया तथा विकिमीडिया फाउंडेशन की विभिन्न शैक्षिक एवं ज्ञानवर्धक परियोजनाओं से परिचित कराना, उनकी उपयोगिता से अवगत कराना और विद्यार्थियों को इन परियोजनाओं में स्वैच्छिक रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला के दौरान विकिपीडिया और उसकी विभिन्न परियोजनाओं से जुड़े विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को न केवल सैद्धांतिक जानकारी दी।

24th August, 2026 | The Faculty of Science organized a Tiranga Rally with great enthusiasm and patriotic spirit. Students and teachers participated wholeheartedly, making the rally a grand success.

24th August. 2026 | The Department of Home Science organised a Rakhi Making and Thali Decoration Competition on the occasion of Raksha Bandhan.

दिनांक 25 अगस्त 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन संकाय की ओर से तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक मूल्यों को समर्पित इस यात्रा में विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

दिनांक 30 अगस्त 2026 | राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में खेलों और फिटनेस का उत्साह चरम पर रहा। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित खेल एवं फिटनेस गतिविधियों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार को दिवा विद्यार्थी एवं आवासीय विद्यार्थी बास्केटबॉल टीमों के मध्य एक रोमांचक मैत्री बास्केटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच का शुभारंभ माननीय कुलपति प्रो0 अजय तनेजा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का

उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और आत्मविश्वास का निर्माण करने का सशक्त माध्यम है।

दिनांक 01 सितम्बर 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने खुन–खुन जी डिग्री कॉलेज में आयोजित सीनियर स्टेट लेवल कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया है। टीम का नेतृत्व कृतिका गुप्ता ने किया, जबकि शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ0 दीपिका दयालू ने कोच के रूप में खिलाड़ियों का कुशल मार्गदर्शन किया।

02nd September, 2026 | The Department of Journalism & Mass Communication successfully organised a campus placement drive. Veteran Journalist Mr. Abhishek from Amar Ujala visited the campus to conduct the recruitment process and interact with the candidates.The event was held in the presence of distinguished faculty members, including Dr. Ruchita Sujai Chowdhary, Dr. Shachindra Shekhar, Dr. Kazim Rizvi, Dr. Mohammad Nasib, and Dr. Vinay Kumar, who guided the smooth execution of the drive.The Honourable Vice-Chancellor, Prof. Ajay Taneja, extended his heartfelt congratulations to all the students who actively participated in this placement drive, praising their enthusiasm and academic dedication.

03rd September, 2026 | Masters of Chain – Outdoor Management GameThe Department of Business Administration successfully organized "Masters of Chain", an exciting Outdoor Management Game that tested participants' teamwork, coordination, strategic thinking, and problem-solving skills. All teams displayed remarkable enthusiasm, sportsmanship, and determination throughout the competition.

दिनांक 06 सितम्बर 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुरुष छात्रावास में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा भाषण, प्रतियोगिता एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

दिनांक 07 सितम्बर 2026 | भाषा विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन संकाय द्वारा विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के जन्मदिवस के

उपलक्ष्य में जस्टिस पी0 एन0 भगवती मेमोरियल लीगल लिटरेसी क्विज सीरीज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी साक्षरता, विधिक जागरूकता के प्रति समझ विकसित करना रहा।

दिनांक 08 सितम्बर 2026 । सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा "AI in Civil Engineering & Transforming Design, Construction & Infrastructure for the Future" विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया।

दिनांक 09 सितम्बर 2026 । ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की अवधी शोधपीठ एवं काव्योम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस पखवाड़े के अवसर पर 'क्षितिज–5.0' सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में आयोजित उत्सव के दौरान वाद–विवाद, निबंध लेखन और स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और वैचारिक क्षमता का प्रदर्शन किया।

10th September, 2026 | The Department of Home Science is organizing a month-long celebration of

National Nutrition Month with a series of awareness and educational activities focused on nutrition, health, and well-being.As part of the celebration, a Slogan Writing and Poster Making Competition organized to encourage students to creatively express their ideas on healthy nutrition, balanced diets, and the importance of good health.

10th September, 2026 | Today the department of Mechanical Engineering organized an Industrial Visit as a part of the curriculum for the students of 3rd year and 4th year. They visited PN International Industry situated in Nadarganj, Lucknow.The event was coordinated by Mr. Birendra Kumar, Asst. Prof. and Mr. Shakeel Ali, LI, Dept of Mechanical Engineering.

10th September, 2026 | The Department of Journalism and Mass Communication, organised "Prompt Lab: AI Masterclass" today, providing students with hands-on exposure to AI tools, prompt writing, and their academic and professional applications. A meaningful and enriching session for our students.

दिनांक 10 सितम्बर 2026 । विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय

में मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम को लेकर जागरूकता की मुहिम चलाई गई। विश्वविद्यालय के नवस्थापित मनोविज्ञान विभाग की ओर से कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के नेतृत्व में मनोविज्ञान विभाग ने 1 से 10 सितम्बर तक ''वॉल ऑफ होप'' पहल आयोजित की। 10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर मनोविज्ञान विभाग ने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया।

दिनांक 11 सितम्बर 2026। माननीय कुलपति महोदय के करकमलों द्वारा गृहविज्ञान विभाग द्वारा बापू बाजार हेतु दान संग्रह अभियान का शुभारंभ किया गया है।

दिनांक 11 सितम्बर 2026। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग प्रश्न–प्रतियोगिता के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य युवाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व में हुआ। उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की ओएसडी डॉ0 मंजू सिंह मुख्य अतिथि रहीं। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने विद्यार्थियों से ज्ञान, जागरूकता और सकारात्मक सोच के साथ योगदान देने का आह्वान किया। डॉ0 मंजू सिंह ने युवाओं की ऊर्जा और ज्ञान को राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला बताया। उन्होंने युवाओं से प्रश्न–प्रतियोगिता में भाग लेने और अभियान को लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

दिनांक 11 सितम्बर 2026। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों को सामाजिक सहभागिता के लिए प्रेरित करने हेतु एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को टीबी मुक्त भारत एप्लीकेशन इंस्टॉल कराया गया तथा उन्हें टीबी उन्मूलन अभियान में स्वयंसेवी के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

12th Sept, 2026 | A moment of great pride and honour as our students presented their work with confidence and excellence in the gracious presence of the Hon'ble Governor Madam during the ongoing AI Manthan here in CSJMU, KNP. Their dedication, enthusiasm, and remarkable presentation were truly commendable.

12th September, 2026 | Hon'ble Vice Chancellor Prof. Ajay Taneja Sir presenting the University's vision, achievements, and innovative initiatives through an insightful presentation at AI Manthan 2.0, hosted at CSJM University, Kanpur. A proud moment showcasing our commitment to innovation, technology, academic excellence, and the transformative potential of Artificial Intelligence in higher education.

13th September, 2026 | Rani Lakshami Bai Girls hostel organized a cultural program as per Jan Bhawan order under the program of 100 sundays.

दिनांक 14 सितम्बर 2026 । ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट प्रीति गौतम और कैडेट माही ने मिलिट्री हॉस्पिटल अटैचमेंट कैंप–2026 में प्रतिभाग कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। यह प्रशिक्षण शिविर 31 अगस्त से 12 सितम्बर 2026 तक कमांड हॉस्पिटल, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कैंट, लखनऊ में आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन 19 यू.पी. गर्ल्स बटालियन, एनसीसी द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न एनसीसी बटालियनों की कुल 26 गर्ल्स कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान भाषा विश्वविद्यालय की दोनों कैडेट्स को सैन्य अस्पताल की कार्यप्रणाली, चिकित्सा सेवाओं, नर्सिंग व्यवस्था, सैन्य अनुशासन और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

दिनांक 14 सितम्बर 2026 । पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना के साथ एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आराधना अस्थाना, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग, ने विद्यार्थियों के साथ हिंदी की समृद्ध परंपरा, वर्तमान संदर्भ में उसकी प्रासंगिकता तथा बदलते डिजिटल युग में हिंदी की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन एक जीवंत ओपन माइक सत्र के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने कविता, कहानी, विचार एवं अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से हिंदी के प्रति अपने प्रेम और संवेदनाओं को साझा किया। यह आयोजन विद्यार्थियों को हिंदी की विविधता, रचनात्मकता और समकालीन प्रासंगिकता से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक पहल रहा।

दिनांक 15 सितम्बर 2026 । तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के द्वारा ''फ्राम मार्जिन टू मेन स्ट्रीम'' द जर्नी ऑफ थर्ड जेंडर इन इंडिया नामक पुस्तक का लोकार्पण किया गया।

15th September, 2026 | Faculty member of Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow participated in the training programme "Empowering Young Women: A Peer-Led Community Health Ambassador Programme for Holistic Wellness." The programme was organized by the Department of Community Medicine & Public Health, King George's Medical University (KGMU), Lucknow.

15th September, 2026 | The Department of Journalism and Mass Communication celebrated Doordarshan Day with great enthusiasm, commemorating Doordarshan's remarkable contribution to Indian broadcasting and its role in shaping the country's media landscape.The

programme was graced by Dr. Rakesh Nigam, renowned filmmaker, as the Special Guest, whose presence and insights added immense value to the celebration.



दिनांक 15 सितम्बर 2026। राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के अंतर्गत ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की ओर से "Discover the Power of Nutrition" थीम पर ग्रामीण पोषण जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का आयोजन कुलपति एवं संरक्षक प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में किया गया। अभियान के तहत गृह विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के आसपास स्थित चक्करपुरवा, प्रबंध नगर और मुबारकपुर गांवों का भ्रमण किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया।

दिनांक 15 सितम्बर 2026। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से निर्माण क्लब के तत्वावधान में अभियंता दिवस–2026 के अवसर पर तकनीकी महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इं. अरविंद कुमार जय ने भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया के जीवन, अनुशासन, दूरदर्शिता और राष्ट्र

निर्माण में योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि अभियंता का जीवन निरंतर सीखने, नई तकनीक अपनाने और समाज की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने की प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता के साथ ईमानदारी, अनुशासन, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. अजय कुमार तनेजा ने कहा कि वर्तमान समय में सतत विकास के लिए अभियंताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। जल, ऊर्जा, भूमि और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ ऊर्जा दक्षता तथा पर्यावरण–अनुकूल तकनीकों के विकास पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

16th September, 2026 | National Seminar on World Ozone Day organized by Chemistry Department of Applied Sciences & Humanities.

16th September, 2026 | Today, the students of the Department of Journalism and Mass Communication visited the Gomti Book Festival as part of their experiential learning.

दिनांक 16 सितम्बर 2026। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में क्षय रोग उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे 'निःक्षय मित्र पहल' के तहत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में क्षय रोगियों के सहयोग और पोषण सहायता के लिए निदेशक–भेषजी संकाय, प्रो0 शालिनी त्रिपाठी द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने 50 क्षय रोगियों को गोद लिया। इस अवसर पर गोद लिए गए मरीजों को पोषण

पोटली भी वितरित की गई। पहल का उद्देश्य टीबी मरीजों को उपचार के साथ पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में क्षय रोग को लेकर सहयोग की भावना मजबूत करना रहा।

16th September, 2026 | Ozone Day was successfully celebrated in the Department of Geography with great enthusiasm and active participation of the students and faculty members.

दिनांक 16 सितम्बर 2026। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में सेवा संकल्प अभियान और विश्वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर सत्र 2026–27 के तहत पुरुष वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने किया।

17th September, 2026 | The Department of Microbiology, successfully celebrated International Microorganism Day with great enthusiasm and active participation of students and faculty members. The celebration featured engaging Quiz Competition and Poster Making Competition, providing students with an opportunity to showcase their knowledge, creativity and understanding of the fascinating world of microorganisms.

18th September, 2026 | The Department of Zoology organized an informative and engaging Quiz on Snake Biodiversity today, focusing on the identification of snakes and highlighting important myths and facts associated with them.

दिनांक 18 सितम्बर 2026। माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान–2026 विश्वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर बास्केटबॉल (महिला एवं पुरुष) टूर्नामेंट 2026–27 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों की टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का प्रदर्शन किया। सेवा संकल्प अभियान के संदेश को आगे बढ़ाते हुए टूर्नामेंट के माध्यम से सेवा, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

दिनांक 19 सितम्बर 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हिन्दी दिवस पखवाड़ा 2026–27 के अंतर्गत विधि संकाय द्वारा 'तकनीकी परिवर्तन एवं प्रगति के युग में हिन्दी' विषय पर भाषण एवं स्वरचित काव्य–पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा तथा कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में हुआ।

दिनांक 19 सितम्बर 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान–2026 एवं विश्वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर महिला एवं पुरुष रस्साकशी प्रतियोगिता 2026–27 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों की टीमों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में सामाजिक विज्ञान संकाय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फार्मेसी संकाय को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

दिनांक 20 सितम्बर 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा जनभवन में ''नशा छोड़ो – जीवन जोड़ो'' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

दिनांक 20 सितम्बर 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग की ओर से 'सर्प जैव विविधता' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के मार्गदर्शन में हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न प्रजातियों के सर्पों की पहचान, उनकी जैव विविधता, पारिस्थितिक महत्व के साथ–साथ सर्पों से जुड़े प्रचलित मिथकों और उनके पीछे के वैज्ञानिक तथ्यों से परिचित कराना था।

दिनांक 21 सितम्बर 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक मनाए जा रहे 'सेवा संकल्प माह' के तहत सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति की अध्यक्षा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।

दिनांक 21 सितम्बर 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की ओर से 'राष्ट्रीय पोषण माह 2026' के तहत "Discover the Power of

Nutrition” विषय पर विशेष बीएमआई जांच एवं डाइट काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के संरक्षण तथा गृह विज्ञान विभाग की डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो0 तत्हीर फात्मा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में प्रतिभागियों के वजन, लंबाई और बॉडी मास इंडेक्स (BMI) का आकलन किया गया। जांच के आधार पर प्रतिभागियों की स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप व्यक्तिगत डाइट चार्ट और आहार संबंधी परामर्श प्रदान किया गया।

दिनांक 21 सितम्बर 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान–2026 और विश्वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर शतरंज प्रतियोगिता 2026–27 का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में सामाजिक विज्ञान संकाय के निखिल ने विज्ञान संकाय के अंकुश को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, महिला वर्ग के फाइनल में विज्ञान संकाय की नौशीन ने अपने ही संकाय की अंजली पाण्डेय को हराकर विजेता का खिताब हासिल किया।

दिनांक 21 सितम्बर 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में भारत सरकार के Smart India Hackathon (SIH) 2026 के अंतर्गत तीन दिवसीय Internal Hackathon का आयोजन किया गया। इसमें 48 टीमों के 288 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए 41 समस्या विवरणों पर अपने तकनीकी एवं रचनात्मक समाधान प्रस्तुत किए।

22nd September, 2026 | The Department of Journalism and Mass Communication, KMCLU organised Red FM Tashanbaaz, where four students from our University were shortlisted, instead of three. Heartfelt gratitude to Hon’ble VC Sir, Dr. Kazim Rizvi for coordination, Dr. Vinay Kumar for communication, Dr. Neeraj Shukla Sir, Dr. Arif Sir for support, and Dr. Shachindra Shekhar & Dr. Naseeb for their assistance. We were also delighted to welcome RJ Tanvi and RJ Tushar to our campus.

दिनांक 22 सितम्बर 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान–2026 एवं विश्वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर लॉन टेनिस (पुरुष) और बैडमिंटन (महिला) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए खेल कौशल का प्रदर्शन किया। लॉन टेनिस (पुरुष) प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने किया। फाइनल मुकाबले में वाणिज्य संकाय के अयान हैदर ने सामाजिक विज्ञान संकाय के हर्षवर्धन को 6–4, 6–4 से हराकर चौंपियनशिप अपने नाम की। वहीं, बैडमिंटन (महिला) के फाइनल मुकाबले में सामाजिक विज्ञान संकाय की शिवांती भारती ने वाणिज्य संकाय की महविश को 2–0 से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया।

दिनांक 22 सितम्बर 2026। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुरुष छात्रावास एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रभात फेरी का शुभारंभ पुरुष छात्रावास से हुआ। यह विश्वविद्यालय परिसर से होते हुए शैक्षणिक भवन तक पहुंची। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर विद्यार्थियों ने ‘‘मेरा वोट, मेरा

अधिकार'' और ''मतदान अवश्य करें'' जैसे संदेशों के जरिए युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया।

23rd September, 2026 | The five-day Industry Bootcamp organized by the Department of Computer Science and Engineering,Khwaja Moinuddin Chishti Language University (KMCLU), Lucknow, in collaboration with Sipher Web Pvt. Ltd., concluded successfully on 23/09/2026. Held from 18 to 22 September 2026, the bootcamp provided students with practical, industry-oriented exposure in two key domains: Data Science and Web Development.

दिनांक 24 सितम्बर 2026 | ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की ओर से 'राष्ट्रीय पोषण माह–2026' के तहत 'पोषण की शक्ति को पहचानें' विषय पर 'न्यूट्रिशियस डिश शोकेस' यानी पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वाद, पोषण और संतुलित आहार के बीच तालमेल के प्रति जागरूक करना और पौष्टिक भोजन तैयार करने की रचनात्मक कला को प्रोत्साहित करना था।

दिनांक 25 सितम्बर 2026 | विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2026 के अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में विभिन्न प्रतियोगिताओं और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिरुचि, रचनात्मकता, नवाचार, संचार कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने फ्लायर रिलीज कर किया। कार्यक्रम फार्मेसी संकाय की निदेशक एवं संकायाध्यक्ष प्रो. शालिनी त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्विज, SciToons, रील्स और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

दिनांक 25 सितम्बर 2026 | पं0 दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पं0 दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ की ओर से विश्वविद्यालय के अटल सभागार में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सामूहिक वंदे मातरम् का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय ''आधुनिक वैश्विक परिदृश्य में एकात्म मानव दर्शन एवं वसुधैव कुटुंबकम् की प्रासंगिकता'' रहा। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर पं0 दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ का अलग अनुभाग भी उपलब्ध है। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदे मातरम् के गायन से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और एकात्म मानव दर्शन की अवधारणा पर प्रकाश डाला।

Research/Review Paper Publication/s

S. No.	Author/s	Title	Journal Name	ISSN No.
1.	Dr. Anand Kumar	Pathobiology-guided diagnostic advances, biomarker discovery, and emerging therapeutic strategies in progressive multiple sclerosis	Disease-a-Month	101845
2.	Ms. Afreen Fatima	Sustainable Consumption of Electronic Goods in Uttar Pradesh: An Indian Knowledge System Perspective	Journal of Management and Health Sciences	2505-0680
3.	Dr Moosi Raza	Moin Ahsan Jazbi ki Taraqqi Pasandi	Tahreek e Adab	2322-0341
4.	Dr. Shan-e-Fatima	A Multimodal Deep Learning Framework for Real-Time Baseball Pitch Velocity Estimation and Strike-Ball Classification	Int. J. Adv. Sci. Eng. Vol.13 No.1 7217-7232 (2026)	ISSN: 2454-9967
5.	Dr. Yusairah Ahmad	Adoption of Not in Smart City Governance: Challenges and Policy Gaps in Lucknow	Urban Panorama	0975-8534

Details of MoU's

S. No.	Name of the Institute	Country	Collaborative Department in the University	Nature of the MoU	Date
1.	Balarc Foundation, Lucknow, Uttar Pradesh	India	KMCLU	This MoU seeks to create a means of cooperation concerning Legal aid clinic for legal assistance to LGBTQIA+ community.Wikipedia editing workshops on social justice, human rights, LGBTQIA+ issues.SOGIESC awareness workshops and sensitization programs with associated stakeholders.	25.07.2026
2.	King George's Medical University, Lucknow	India	KMCLU	This MoU seeks to Research collaboration concerning neonatal healthcare outcomes and technology-assisted intervention systems, Clinical testing and validation of the Platform,Pilot deployment and supervised evaluation within approved healthcare environments,and knowledge-sharing activities for healthcare personnel and associated stakeholders..	14.07.2026

Details of Patent

S. No.	Author/s	Application No.	Title	Registration Design (Indian/International)	Date of Registration/ Publication
1.	Dr. Shan e Fatima, Dr. Mohammad Sharique, Dr. Saima Aleem, Dr. Suman Kumar Mishra, Mr. Aman Mishra, Mr. Digesh Pandey, Ms. Kanchan Saini	6523070	Wearable Muscle Fatigue Monitor	International	29.07.2026

Scholar's Space

Media Literacy as a Life Skill: What Every University Student Should Know

***By* Muskaan Bano Ansari**

Research Scholar, Department of Journalism and Mass Com.

A university student's day often begins with a phone, bringing news headlines, short videos, social media posts and forwarded messages within moments. In such an environment, the challenge is no longer simply accessing information, but understanding, evaluating and responding to it responsibly. This makes media literacy an essential life skill. Media literacy refers to the ability to access, understand, analyse, evaluate and create media messages. For university students, it is particularly significant because learning, communication and social interaction increasingly take place through digital platforms. Access to information, however, does not necessarily ensure informed understanding. Students must learn to question the source, purpose, context and credibility of the information they encounter.

New Era of Journalism: Challenges and Opportunities

***By* Tanisha Mathur**

BA in Journalism and Mass Communication, 2nd Year,

Journalism has changed a lot in the last few years. Earlier, people mainly depended on newspapers, television and radio for news. Today, social media, news websites, YouTube and mobile phones have become a major part of journalism. News can now reach people within a few seconds. This change has created both new opportunities and new challenges for journalists. One of the biggest opportunities in modern journalism is the growth of digital media. A journalist is no longer limited to writing news for a newspaper. They can make videos, podcasts, reels, articles and social media posts. Platforms like Instagram, YouTube and X have also made it possible for journalists to reach a large audience directly. Digital journalism has also created new career options in content writing, social media management, video journalism and digital reporting.



Journalism in the Age of AI: Beyond Technology, Toward Truth

***By* Ruchika Awasthi**

Student of Journalism and Mass Communication, 2nd Year

Nowadays, AI is changing journalism a lot. It helps in writing news, collecting information, and giving updates very quickly. Because of this, people can get news faster than before. But I think journalism is not only about speed, it is mainly about truth and accuracy. AI works on the data it receives sometimes this data can be incomplete or biased, which can lead to wrong or misleading news. This is why journalists need to be careful and check all facts before publishing anything without proper checking false information can spread easily among people. Also, journalism is not just about facts and figures. It needs human understanding, emotions, and real thinking. A journalist can ask more questions and understand the story and show the real situation, which AI cannot fully do anything it can only give partial information based on what we ask.

स्क्रीन के पार छूटती असली ज़िंदगी क्या हम सच में कनेक्टेड हैं?

अंकुश यादव, तृतीय वर्ष, बी.ए.जे.एम.सी.

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कैंटीन में बैठो या हॉस्टल के कॉरिडोर में गुज़रो, एक नज़ारा हर जगह कॉमन दिखता है। चार–पाँच दोस्त एक साथ बैठे हैं, लेकिन किसी की आँखें एक–दूसरे से नहीं मिल रहीं। सब के सब अपने–अपने फोन की नीली रोशनी में गुम हैं। हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं जहाँ सुबह उठते ही अलार्म बंद करने से लेकर रात को सोने तक, आखिरी चीज़ जो हम देखते हैं वह हमारे फोन की स्क्रीन ही होती है। रील्स की कभी न खत्म होने वाली स्क्रॉलिंग और हर 2 मिनट में नोटिफिकेशन चेक करने की बीमारी ने धीरे–धीरे हमारे ध्यान (Focus) को खत्म कर दिया है। अजीब विरोधाभास है कि सोशल मीडिया पर हमारे हज़ारों ''फॉलोअर्स'' और ''फ्रेंड्स'' हैं, लेकिन जब सच में किसी से दिल की बात कहने की नौबत आती है, तो हम खुद को अकेला पाते हैं। हम दूसरों की रील्स में उनकी ''परफेक्ट लाइफ'' देखकर अपनी असली ज़िंदगी से शिकायत करने लगते हैं। एक स्टूडेंट के तौर पर हमें यह समझना होगा कि स्मार्टफोन हमारे काम को आसान बनाने के लिए बना था, न कि हमारी सोच और समय पर कब्ज़ा करने के लिए। डिजिटल दुनिया से थोड़ा ''डिटॉक्स'' (Digital Detox) होना अब कोई शौक नहीं, बल्कि हमारी मानसिक शांति के लिए ज़रूरत बन चुका है।

तुलसीदास ने लोकभाषा के माध्यम से वैदिक ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाया : प्रो. हरिशंकर मिश्र

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कैंसर जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा तथा माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में 'आनंदी माँ-एक भी जीवन बचाओ' एवं 'कैंसर मुक्त भारत यात्रा अभियान 2026-27' के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक मंचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. नलिनी मिश्रा ने किया, जबकि संयोजक के रूप में डॉ. आराधना अस्थाना (सहायक आचार्य) एवं श्री मृणाल झा (सहायक आचार्य) ने महत्वपूर्ण भूमिका

नेशनल गौरव सम्मान एसडीएम बनी पूर्व

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। नेशनल पीजी कॉलेज का 52 वां स्थापना दिवस एवं तृतीय समावर्तन संस्कार समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह ने महाविद्यालय की 52 वर्षों की गौरवशाली उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि कहा कि नेशनल कॉलेज सदैव गुणवत्तापूर्ण

नेशनल पीजी कॉलेज का 52वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया।

सामाजिक विज्ञान संकाय में तिरंगा रैली आयोजित

'نیک (NAAC) میں مقام حاصل کرنا ہمارے لیے ایک بڑی کامیابی'

KHWAJA MOINUDDIN CHISHTI LANGUAGE UNIVERSITY

ADMISSION OPEN 2026-27

के.एम.सी.एल.यू. में उत्साह और देशभक्ति के साथ निकाली गई 'हर घर तिरंगा यात्रा'

भाषा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस एवं नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत भाषण और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों का विकास करना रहा। नशा मुक्ति विषयक भाषण प्रतियोगिता में 35 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें ज्योत्सना सिंह प्रथम, मो. साद खान द्वितीय तथा रामा कनौजिया तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कारगिल विजय दिवस पर आयोजित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में अथर्व ने प्रथम, पखवी ने द्वितीय और निशा

जर्मन भाषा में दक्षता, विद्यार्थियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाएगी: प्रो. अजय तनेजा

भाषा विवि में सजी सृजन की थाल, कला के धागों से सजा रक्षाबंधन

पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में बुशरा अव्वल

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य स्तनपान के और मातृ-शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। गत तीन अगस्त

लखनऊ ने 30 साल बाद जीती ओवरऑल ट्रॉफी

یوپی کی ٹاپ ۱۰/ یونیورسٹیوں میں لینگویج یونیورسٹی شامل

لکھنؤ (نامہ نگار): خواجہ معین الدین چشتی لینگویج یونیورسٹی نے آئی آئی آر سی انڈیا رینکنگ ۲۰۲۶ء میں ریاست کی ٹاپ ۱۰/ یونیورسٹیوں میں جگہ بنائی ہے۔ یونیورسٹی کو اتر پردیش میں ۱۰/واں اور قومی سطح پر ۱۱۹/واں اور مجموعی طور پر ۱۴۱/واں مقام

एम.टेक. स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग के प्रथम बैच का भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

राजधानी — अवधनामा

भाषा विश्वविद्यालय में 125 मेधावियों का सम्मान

भाषा विश्वविद्यालय में 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' की क्लास, विद्यार्थियों से हुआ सीधा संवाद

भाषा विवि में हुआ भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन

केजीएमयू व भाषा विवि के अवध इन्क्यूबेशन फाउंडेशन एवं एक्यूटी नियोकेयर के मध्य हुआ समझौता

भाषा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों ने भाषण और काव्य-पाठ से बांधा समां

'तकनीकी परिवर्तन एवं प्रगति के युग में हिन्दी' विषय पर विद्यार्थियों ने रखे विचार

दूरदर्शन दिवस पर भाषा विवि में हुआ कार्यक्रम

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प माह के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो) ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक मनाए जा रहे 'सेवा संकल्प माह' के उपलक्ष्य में आज विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

भाषा विवि ने 50 टीबी मरीजों को लिया गोद

अमर उजाला — my city

ओजोन संरक्षण के प्रति किया जागरूक

'विकिपीडिया का परिचय' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

राज्यपाल ने किया मार्जिन टू मेनस्ट्रीम का लोकार्पण

नुक्कड़ नाटक से दिया नशा छोड़ने का संदेश

भाषा विवि की बेटियों ने जीता खिताब

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने खुन खुन जी डिग्री कॉलेज में आयोजित सीनियर लेवल कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। टीम की कप्तान गुप्ता और शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. दीपिका कोच रहीं। विजेता टीम को पुरस्कार बुधवार को मिलेगा। कुलपति अजय तनेजा ने विजेता टीम को बधाई दी। (संवाद)

भाषा विवि में बास्केटबॉल का रोमांच

'My Vote, My Right' Echoes at Language University

UP State Bureau

LUCKNOW

A voter awareness rally was organised at Khwaja Moinuddin Chishti Language University to encourage young people to participate actively in the democratic process. Organised jointly by Netaji Subhash Chandra Bose Boys' Hostel and the Electoral Literacy Club, the morning march began at the hostel and passed through the campus before concluding near the academic building.

रस्साकशी में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

सेवा संकल्प अभियान एवं 17वें स्थापना दिवस पर महिला वर्ग में सामाजिक विज्ञान संकाय विजेता

یونیورسٹی میں داخلہ شخصیت سازی اور فکری بالیدگی کے نئے سفر کا آغاز ہے: پروفیسر ثوبان سعید

Camp

भाषा विवि : वित्त अधिकारी बने संतोष

युवाओं के लिए जागरूकता अभियान चलाया

पहली बार छह प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस बने

भाषा विवि

- छात्रों को मिलेगा दुनिया का व्यावहारिक अनुभव
- प्रशासनिक, कूटनीति, उद्योग के लोग शामिल

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्य परिषद की बैठक में शैक्षणिक विकास को लेकर कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। विवि में पहली बार छह प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस की व्यवस्था लागू की गई है। छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए प्रशासनिक, उद्योग और तकनीक जगत के छह विशेषज्ञों की नियुक्ति किया गया है। इससे छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक दुनिया का व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा की विशेष पहल पर लिए गए इस निर्णय के तहत जिन छह दिग्गजों को प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस बनाया गया है। उनमें प्रशासनिक, कूटनीति, तकनीक और उद्योग जगत की जानी-मानी हस्तियां शामिल हैं।

کلپتی پرو. اجے تنیجا کو...

कुलपति प्रो. अजय तनेजा को आईएससीबी एक्सीलेंस अवॉर्ड

लखनऊ। कुलपति प्रो. अजय तनेजा को आईएससीबी एक्सीलेंस अवॉर्ड फॉर एकेडमिक लीडरशिप से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारतीय रसायनज्ञ एवं जीवविज्ञानी सोसाइटी और आईएससीबी रिसर्च फाउंडेशन ने प्रदान किया। प्रोफेसर तनेजा को शिक्षा, शोध और अकादमिक नेतृत्व में उनके योगदान के लिए यह सम्मान मिला। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय में शोध, नवाचार और उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। कुलसचिव विकास सहित अन्य अधिकारियों ने कुलपति को बधाई दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

اسمارٹ سٹیز اور پائیدار بنیادی ڈھانچے کی ترقی میں مصنوعی ذہانت کا اہم کردار: ڈاکٹر نتین تیج

لینگویج یونیورسٹی میں وکست بھارت ینگ لیڈرز ڈائیلاگ کے تحت پروگرام

'Wall of hope' to check suicides

Department of Psychology at Khwaja Moinuddin Chishti Language University organised a series of events to mark World Suicide Prevention Day on Thursday. The department conducted a 'Wall of Hope' initiative across different departments from Sept 1 to 10. Students shared messages on mental well-being, emotional support and the importance of reaching out to others.

टीबी रोगियों को समाज से अलग नहीं, मुख्यधारा में शामिल करना हम सब की जिम्मेदारी: प्रो. अजय तनेजा

भाषा विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को टीबी मुक्त भारत अभियान से जोड़ा गया

थर्ड जेंडर समुदाय की समस्याओं, शोधपरक विमर्श

लखनऊ। थर्ड जेंडर समुदाय के सामाजिक, कानूनी अधिकारों, चुनौतियों और मुख्यधारा में उनकी भागीदारी की यात्रा को अकादमिक दृष्टिकोण से सामने लाने वाली पुस्तक फ्राम मार्जिन टू मेनस्ट्रीम: द जर्नी ऑफ थर्ड जेंडर इन इंडिया का तेलंगाना के माननीय राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विमोचन किया। पुस्तक का संपादन डॉ. पीयूष कुमार त्रिवेदी एवं डॉ. श्वेता त्रिवेदी ने किया है। भाषा विवि के कुलपति प्रो. अजय तनेजा, प्रो. देवेंद्र कुमार राय समेत अन्य मौजूद रहे।